ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआती प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं होंगे, क्योंकि मौजूदा चैंपियन टीम अपनी विजयी टीम में किसी तरह का संदेह पैदा नहीं करना चाहेगी। - अनिल कुंबले

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

स्टीव स्मिथ

स्टीव स्मिथ ने एक फील्डर के तौर पर सबसे ज़्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। सिर्फ़ जो रूट (214) के पास उनसे ज़्यादा कैच हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। ज़ैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर ज़ोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया।

क्या आप जानते हैं ?... 44वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप 2025-26 में लगभग 35 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जो 31 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक गुंजूर, बेंगलुरु में होगी।

विराट और पंत के अर्द्धशतक, दिल्ली की रोमांचक जीत

बेंगलुरु, 26 दिसंबर। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (77) के लगातार दूसरे अर्धशतक और कप्तान ऋषभ पंत (70) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को सात रन से रोमांचक जीत दर्ज की। दिल्ली ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन बनाने के बाद गुजरात को 47.4 ओवर में 247 रन पर निपटा दिया। विराट कोहली को 77 रन और दो कैचों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले विराट ने इस मुकाबले में अपनी फॉर्म जारी रखते 61 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 77 रन बनाये जबकि पंत ने 79 गेंदों पर 70 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए। हर्ष त्यागी ने 40 और सिमरजीत सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। गुजरात की तरफ से विशाल जायसवाल ने 42 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए। गुजरात की तरफ से आर्य देसाई ने 57 और सौरव चौहान ने 49 रन की पारी खेली। दिल्ली की तरफ से प्रिंस यादव ने 37 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि इशांत शर्मा और अर्पित राणा को दो-दो विकेट मिले।

रिंकू सिंह ने 56 गेंदों में जड़ा शतक, यूपी ने चंड़ीगढ़ को 227 रन से हराया

राजकोट, 26 दिसंबर। टी-20 विश्व कप से पहले उत्तर प्रदेश के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा । रिंकू ने महज 60 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर अपनी टीम को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मुकाबले में 4 विकेट के नुकसान पर 367 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया जिसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में 140 रन पर लुढ़क गयी। यूपी की तरफ से जीशान अंसारी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। आर्यन जुयाल को उनकी 134 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले रिंकू ने चौकों और छक्कों की बारिश करते हुए 11 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के लगाए। रिंकू के अलावा आर्यन जुयाल ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 118 गेंदों पर 134 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी अहम योगदान देते हुए 57 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 67 रन बनाए।

मेलबर्न में एक दिन में 20 विकेट गिरे, ऑस्ट्रेलिया टॉप पर

मेलबर्न, 26 दिसंबर। पिछले साल के बॉक्सिंग डे टेस्ट की तुलना में मेलबर्न पिच पर सिर्फ चार मिलीमीटर ज़्यादा घास होने से बॉक्सिंग डे पर पिच शरारती हो गई, जिससे 20 विकेट गिरे, जो ऑस्ट्रेलिया में पहले दिन गिरे संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज़्यादा विकेट हैं। मेज़बान टीम 46 ओवर के अंदर 152 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसके बाद इंग्लैंड एक कदम और आगे बढ़कर 30 ओवर से भी कम में सिर्फ़ 110 रन पर ढेर हो गई, यह सब एमसीजी में 94,199 दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ के सामने हुआ।

दिन का अंत शानदार ड्रामे के साथ हुआ। स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड के साथ ओपनिंग करने आए और उन्होंने एक पूरा ओवर सुरक्षित रूप से खेला, जिससे पूरे स्टेडियम में मौजूद दर्शक बहुत खुश हुए, जो दिन भर के रोमांचक एक्शन के बाद पहले से ही अपनी सीटों पर खड़े थे।

बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाज़ी करने भेजा, लेकिन इसमें एक अजीब विडंबना थी कि इंग्लैंड सालों तक घर पर सपाट पिचों पर तैयारी करने के बाद एक बार फिर हरी सीमिंग पिच पर खेल रहा था, और ऑस्ट्रेलियाई चुनौती के लिए अपनी तेज गेंदबाज़ी की योजना ऊंचाई और उछाल के हिसाब से बना रहा था, जबकि चुनौती ने अलग सवाल पूछे। हालांकि, इस बार उनके गेंदबाज़ों ने बेहतर जवाब दिया, उन्होंने पूरी लेंथ पर

गेंदें फेंकी और तुरंत इनाम पाया।

ट्रैविस हेड, जिन्होंने दौरे पर पहले एक और मुश्किल पिच पर इंग्लैंड को चोट पहुंचाई थी, गस एटकिंसन की गेंद पर अपने स्टंप्स पर आउट हो गए, लेकिन पहले बदलाव के गेंदबाज़ के रूप में जोश टंग के आने से सच में मैच का रुख बदल गया। जेक वेदरल्ड दुर्भाग्य से लेग साइड में आउट हो गए, लेकिन इसके बाद की गेंदों ने यह साबित कर दिया कि पर्थ और ब्रिस्बेन में टंग की कितनी कमी खली थी। मार्नस लाबुशेन ने बाहर जाती हुई गेंद पर किनारा लगाया, जबकि स्टीव स्मिथ एक तेज इन-स्विंगर पर बोल्ड हो गए।

51 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद, उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया को संभालने के लिए मिलकर 72 रन पर 4 विकेट तक पहुंचाया। लेकिन 38 रन की यह साझेदारी ब्रेक के बाद चौथे ओवर में टूट गई जब एटकिंसन ने ख्वाजा का किनारा लिया। इस बार, स्निको पर आवाज और स्पाइक एक साथ आए और ऑन-फील्ड फैसला पलट दिया गया।

स्टोक्स, जिन्होंने दोपहर के सेशन में एटकिंसन के साथ बॉलिंग की शुरुआत की थी, उन्होंने एक अच्छी प्लानिंग के तहत कैरी को लेग स्लिप पर कैच करवाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया 91 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। यह और भी बुरा हो सकता था, लेकिन माइकल नेसर को दो बार किस्मत का साथ मिला क्योंकि किनारे कॉर्डन में शॉर्ट गिरे, पहले जेमी स्मिथ के सामने और बाद में जो रूट के सामने, जिससे यह सवाल उठा कि क्या इंग्लैंड के कीपर और स्लिप कॉर्डन बहुत पीछे खड़े थे।

नेसर ने मिले मौकों का पूरा फायदा उठाया और पलटवार किया, जोश टंग के एक ओवर में चार चौके लगाए, जबकि कैमरन ग्रीन ने मुश्किल पिच पर धैर्य और समझदारी दिखाई। सातवें विकेट के लिए उनकी 52 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को 150 रन के पार पहुंचाया, हालांकि ग्रीन की पारी एक जोखिम भरे सिंगल और नॉन-स्ट्राइकर एंड पर ब्रायडन कार्स के डायरेक्ट हिट से खत्म हुई।

मिशेल स्टार्क इस सीरीज में 50 से ज़्यादा के एवरेज के साथ आए थे, लेकिन इस बार सस्ते में आउट हो गए, स्टोक्स ने मिड-ऑफ पर पीछे दौड़कर एक शानदार कैच पकड़ा। रिप्ले में दिखा कि कार्स का अगला पैर क्रीज के अंदर था, लेकिन तीसरे अंपायर ने बॉलर के पक्ष में फैसला दिया। फिर टंग ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया, उसी ओवर में बोलैंड और नेसर, जो पारी के टॉप स्कोरर थे, को आउट करके ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला पांच विकेट हॉल पूरा किया।

इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। ज़ैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर ज़ोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज़्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ़ जो रूट (214) के पास उनसे ज़्यादा कैच हैं। फिर नेसर ने एक और विकेट लिया, रूट की क्रीज पर बेकार कोशिश को एक जाने-पहचाने बाहरी किनारे के साथ खत्म किया और अनुभवी बल्लेबाज को 15 गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। यह उनके टेस्ट करियर का 15वां शून्य था; सात ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आए हैं। हैरी ब्रूक ने अगली गेंद पर छक्का मारा और गेंद के बार-बार गड़बड़ करने के बावजूद ट्रैक पर दौड़ने के लिए उत्सुक दिखे, लेकिन विडंबना यह है कि वह पगबाधा आउट हो गए, बोलैंड की एक गेंद पर क्रीज में फंस गए जो अंदर की तरफ आई थी।

उत्तर प्रदेश पहली पारी 178 पर ऑलआउट, राजस्थान पहली पारी 450/6 विकेट

जयपुर, 26 दिसंबर। आज मैच के तीसरे दिन राजस्थान के रजत बघेल व नावेद खान ने शानदार शतक लगाते हुए टीम को पहली पारी में विशाल बढ़त दिलाई। टीम के लिए रजत बघेल 171, नावेद खान नाबाद 166 व कुशाग्र ओझा नाबाद 48 रन।

विजय हजारे ट्रॉफी - राजस्थान - झारखण्ड मैच (झारखण्ड जीती)

झारखण्ड पारी 301 आल आउट

टीम के लिए शिखर 129 व अनुकूल 52 रन

राजस्थान के गेंदबाज खलील अहमद 49/4, अशोक शर्मा 58/2 व अनिकेत, अजय कुकना 1-1 विकेट

राजस्थान पारी 228 आल आउट

टीम के लिए करण लाम्बा ने 102 रनो की शानदार शतकीय पारी खेली साथ ही मुकुल चौधरी 33, मानव सुथार 27, अशोक शर्मा 24 रनो का सहयोग दिया।

झारखण्ड के गेंदबाज शुभम 50 / 6 व सुशांत 32 / 2 विकेट।

राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर में खेली जा रही बीसीसीआई विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी के सवाई मान सिंह स्टेडीएमपर आज खेले गए मुंबई - उत्तराखंड मैच को मुंबई ने जीता।

सवाई मान सिंह स्टेडीएम मुंबई-उत्तराखंड (मुंबई जीती)

मुंबई पारी 331/7

उत्तराखंड पारी 280/9

अनंतं ग्राउडं छत्तीसगढ़ - पंजाब मैच (पंजाब जीती)

छ्तत्तीसगढ़ पारी 252 आल आउट

पंजाब पारी 254/1

के एल सैनी सिक्किम - महाराष्ट्र मैच (महाराष्ट्र जीता)

सिक्किम मैच 150 आल आउट

महाराष्ट्र पारी 153/2

जैपुरिया ग्राउंड गोवा - हिमाचल मैच (गोवा जीती)

गोवा पारी 285/9

हिमाचल पारी 277 आल आउट

आरसीए अंडर 14 ट्रॉफी (जयपुर - सीकर फाइनल में पहुंचे)

पहला सेमी फाइनल मैच जयपुर - जोधपुर (जयपुर जीती)

जोधपुर पारी 187/9

टीम के लिए युवराज 64 व भाविक 36 रन

जयपुर के गेंदबाज मो बिलाल 25/4 व गौरव पुनिया 28/2 विकेट

जयपुर पारी 191/4

टीम के लिए आदित्य यादव 63, आदित्य शर्मा 36, रुपेश शर्मा 26 व मनवीर नाबाद 16 रन

जोधपुर के गेंदबाज तनिष्क 36/2 विकेट

दूसरा सेमी फाइनल मैच धौलपुर - सीकर (सीकर जीती)

धौलपुर पारी 171 आल आउट

टीम के लिए आयुष रविंद्र 59 व प्रीत 32 रन

सीकर के गेंदबाज मयूर शर्मा 19/2, मनीषाहरितवाल 41/2 विकेट

सीकर पारी 176/7

टीम के लिए मनीष हरितवाल नाबाद 45, तरुश पाबड़ी 45 व मुकुल 37 रन

धौलपुर के गेंदबाज पंकज, गोविन्द 2 - 2 विकेट।

रोहित शून्य पर लुढ़के लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हराया

जयपुर, 26 दिसंबर। स्टार बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप सी मैच में उत्तराखंड के खिलाफ शुक्रवार को शून्य पर लुढ़क गए लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हरा दिया। मुंबई ने सात विकेट पर 331 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड को नौ विकेट पर 280 रन पर रोक दिया। उत्तराखंड की तरफ से ओपनर युवराज चौधरी ने 96 रन की शानदार पारी खेली। इससे पहले पिछले मैच के शतकधारी रोहित को देवेंद्र सिंह बोरा ने आउट किया। लेकिन मुशीर खान (55), सरफराज खान (55) और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक तामोरे ने नाबाद 93 रन का योगदान देकर मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

राजधानी

चौमूं में मस्जिद के बाहर पड़े पत्थर और रैलिंग हटाने पहुंची पुलिस पर पथराव

शुक्रवार अलसुबह 3 बजे हुआ हमला, उपद्रवियों के पथराव में पुलिस के छह जवान घायल

जयपुर (कासं)। जयपुर जिले के चौमूं कस्बे के बस स्टैण्ड के पास शुक्रवार अलसुबह करीब 3 बजे कालन्द्री मस्जिद से जुड़े विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान उपद्रवियों ने मौके पर तैनात पुलिस जाब्ते पर पथराव कर दिया, जिसमें करीब 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मस्जिद के पास सड़क किनारे लगे पत्थरों को हटाने को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। गुरुवार शाम को इस मुद्दे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों और पुलिस-प्रशासन के बीच वार्ता हुई थी। वार्ता के दौरान समुदाय की ओर से स्वयं पत्थर हटाने पर सहमति बनी थी। पत्थर हटाए जाने के बाद मस्जिद के पास लोहे की रैलिंग लगाकर बाउंड्री निर्माण का कार्य शुरू किया गया, जिस पर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।



जयपुर जिले के चौमूं कस्बे में शुक्रवार अलसुबह अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस पर उपद्रवियों द्वारा पथराव करने से माहौल ने हिंसक रूप ले लिया। मौके पर बिगड़े हालातों को काबू करने के लिए चौमूं, हरमाड़ा, विश्वकर्मा, दौलतपुरा सहित आसपास के कई थानों से अतिरिक्त जाब्ता बुलाना पड़ा। फोटो-राष्ट्रदूत

चार थानों से बुलाया गया अतिरिक्त जाप्ता

बताया जा रहा है कि मस्जिद के पास रैलिंग लगाकर बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य शुरु होते ही समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने विरोध करते हुए मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। हालात बिगड़ते देख पुलिस को चौमूं, हरमाड़ा, विश्वकर्मा, दौलतपुरा सहित आसपास के कई थानों से अतिरिक्त जाब्ता बुलाना पड़ा। भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जयपुर से एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ. राजीव पचार, डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद तथा एडिशनल डीसीपी राजेश गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने हालात का जायजा लेकर स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। विवाद होने के बाद मस्जित व इसके आसपास प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात कर स्थित को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने मस्जिद व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरु कर दिया है। जिससे उपद्रवियों की पहचान की जा सकें। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- **बताया जा रहा है गुरूवार शाम को पुलिस और मुस्लिम समुदाय के बीच हुई थी वार्ता, परंतु इसके बावजूद रैलिंग लगाने का काम शुरू हो गया था। जिसे रूकवाने पहुंची पुलिस पर उपद्रवियों ने हमला बोल दिया।**

50 उपद्रवी पुलिस हिरासत में

उपद्रव होने के बाद पुलिस प्रशासन ने 500 से अधिक पुलिस के जवानों को इलाके में चप्पे -चप्पे की निगरानी करने के लिए तैनात किया है। वही विश्वकर्मा,दौलतपुरा, हरमाड़ा थाना पुलिस के जवान मौके पर मौजूद है। पुलिस की विशेष टीम ने घरों में दबिश देकर 50 उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। जिनसे गहनता से पूछताछ की जा रहीं है। पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स, वज्र वाहन, आरएसी, पुलिस लाइन जयपुर की टीमों को भी मस्जिद के पास तैनात किया गया है।

मुख्य बाजार हुए बंद

कस्बे में फेंले विवाद के बाद चौमूं और उसके आसपास के इलाकों में मुख्य बाजार को बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि चौमूं के मुख्य बाजार सहित रींगस रोड, मोरीजा रोड,थाना मोड सहित आसपास के इलाकों के मुख्य बाजार बंद है।

पूरे इलाके में इंटरनेट सेवाएं बंद

रैलिंग और बाउंड्री वॉल के निर्माण के बाद उपजे विवाद के बाद इलाके में किसी भी तरह की अफवाह नहीं फेले इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए चौमूं में मोबाइल इंटरनेट सहित सोशल मीडिया सेवाओं को अस्थाई रुप से बंद कर दिया है। संभागीय आयुक्त, जयपुर संभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार 26 दिसंबर सुबह 7 बजे से 27 दिसंबर शाम 7 बजे तक चौमूं क्षेत्र में 2, 3, 4, 5 मोबाइल इंटरनेट डेटा, बल्क एसएमएस, व्हाट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर (एक्स) सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की सेवाएं निलंबित कर दी है। जो आगामी आदेशों तक बंद रहेगी, हालांकि वॉयस कॉल और ब्रॉडबैंड सेवाएं चालू रहेंगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय राजस्थान लोक सुरक्षा (जन आपातकाल या लोक सुरक्षा) नियम-2017 के तहत लिया गया है। प्रशासन का मानना है कि वर्तमान हालात में सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक सूचनाएं फैलने की आशंका बनी हुई है, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं और दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

उपद्रव में घायल पुलिसकर्मी



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 50 उपद्रवियों को हिरासत में लिया।

अरावली पर्वत श्रृंखला के साथ नहीं होने देंगे छेड़छाड़ : मुख्यमंत्री

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर अरावली पर्वत श्रृंखला को लेकर दिए गए बयानों पर जमकर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तो अरावली क्षेत्र में भाटा, रेता तक नहीं छोड़ा। किसने वर्ष 2002-03 और 2009-10 में अरावली की परिभाषा बदली? कितने पट्टे अरावली क्षेत्र में जारी किए? वे केवल झूठी बातें ही करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरावली के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अफवाह फैलाने के अलावा कुछ नहीं आता हैं। हम सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) लेकर आए तो, इन्होंने हल्ला मचाया और अफवाह फैलाई। लेकिन हमारी सरकार ने इसे लागू किया।

विस्थापितों को पट्टे भी दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते हैं कि संविधान बदल दिया जाएगा। वे एसआईआर पर भी प्रश्न उठाते हैं। क्या वे घुसपैठियों के समर्थक हैं? हम एक भी घुसपैठिएं को नहीं रहने देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे ट्विट मास्टर बन रहे हैं। उनका जादू चल गया, और नहीं चलने वाला है। जो बोया है, वो काटना ही पड़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'न खाउंगा और न खाने दूंगा' बयान का जिक्र करते हुए कहा कि अगर किसी ने खा लिया तो वापस भी आएगा।

- **भजनलाल शर्मा ने कहा कि ''पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत बताएं कि किसने बदली थी अरावली की परिभाषा?''**

अतिक्रमण और उपद्रवियों पर होगी कठोर क़ानूनी कार्रवाई : बेढ़म

जयपुर (कासं)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने जयपुर के चौमूं क्षेत्र में हुए अतिक्रमण एवं उपद्रव को मामले को लेकर शुक्रवार को शासन सचिवालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि चौमूं बस स्टैंड पर सड़क पर स्थापित स्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए गुरुवार को पुलिस प्रशासन और सम्बंधित पक्षों के बीच वार्ता हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों के बीच सउक़ के बीच बने हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए सहमति बनी थी।

उन्होंने कहा कि गुरुवार देर रात कुछ उपद्रवियों द्वारा सड़क पर लोहे की रैलिंग लगाकर फिर से अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया। प्रशासन द्वारा इस काम को रोके जाने पर पुलिस प्रशासन पर पत्थरबाज़ी की गई।

जिसमें कई पुलिस कार्मिकों को चोट आई। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया है और लगातार उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा रहा है।बेढ़म ने कहा कि उपद्रव करने वाले लोगों को वीडियो, फोटो और अन्य सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किया जा रहा है तथा नियमानुसार उनपर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यवाही पर विपक्ष ओछी राजनीती कर रहा है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को धार्मिक रंग देकर अपनी राजनीती चमका रहे है।

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई धर्म या जाती देखकर नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की अतिक्रमण हटाने की नीति पूरी तरह निष्पक्ष है और इसमें धर्म या जाति का कोई सवाल नहीं है।

- **चौमूं में अतिक्रमण को लेकर विवाद पर गृह राज्य मंत्री ने दिया बयान**
- **उन्होंने कहा कि ''कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा उपद्रव को धार्मिक रंग देकर राजनीति कर रहे है।''**